नस्ली समानता को बढ़ावा देने को लेकर
मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय

बौद्धिक सम्पदा विभाग

बौद्धिक सम्पदा विभाग (IPD) उच्चतम अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के संबंध में उच्च-गुणवत्ता वाली पंजीकरण सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि हांगकांग, चीन एक ऐसा स्थान बना रहे जहां रचनात्मकता और प्रतिभा फल-फूल सके। एक सफल और प्रतिक्रियाशील ट्रेडमार्क, पेटेंट और डिजाइन पंजीकरण प्रणाली को बनाए रखने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि जनता के सभी हिस्सों को उनकी नस्ली पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना समय पर और प्रभावी सेवाएं प्रदान की जाएं।

ट्रेडमार्क, पेटेंट और डिजाइन के पंजीकरण के लिए हर नस्ल के लोगों की सहायता करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

मौजूदा उपाय

- हर नस्ल के लोगों द्वारा दुभाषिया और अनुवाद सेवाओं के उपयोग सम्बंधी एक नोटिस लोक सेवा काउंटर पर पोस्ट किया गया है।

- IPD उन आवेदकों की टेलीफोन से जुड़ी दुभाषिया और अनुवाद सेवाओं के माध्यम से सहायता करता है जो सामान्य पूछताछ में चीनी या अंग्रेजी नहीं बोलते हैं। आवेदकों को मुफ्त दुभाषिया और अनुवाद सेवाओं की उपलब्धता को लेकर पर्चे भी बांटे जाते हैं।

- इन उपायों की एक प्रति IPD की वेबसाइट पर पोस्ट की गई है। सरकारी जानकारी और सेवाओं तक पहुंच पाने हेतु विविध नस्लों के लोगों के लिए सरकार की वेबसाइट पर हाइपरलिंक भी स्थापित किया गया है।

- जहां रजिस्ट्रार के समक्ष एक पक्ष सुनवाई में कार्यवाही की भाषा

(यानी चीनी या अंग्रेजी) के अलावा किसी अन्य भाषा में निवेदन रखना या साक्ष्य देना चाहता है, रजिस्ट्रार के पास ऐसी शर्तों पर इस तरह की कार्रवाई की अनुमति देने और दुभाषिया सेवा के प्रावधान के लिए निर्देश देने की शक्ति है जो उसे उपयुक्त लगें।

भावी कार्य का आकलन

- IPD दुभाषिया और अनुवाद सेवाओं में निरंतर सुधार के लिए विविध नस्लों के आवेदकों से प्राप्त फीडबैक और सुझावों को एकत्र करेगा और उनका विश्लेषण करेगा।
- IPD विविध नस्लों के आवेदकों को उसकी लोक सेवाओं के उपयोग में सहूलियत देने के लिए समय-समय पर अपनी सेवाओं की समीक्षा करेगा।

किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय

- IPD स्टाफ की नस्ली भेदभाव अध्यादेश (RDO) (कैप. 602) को लेकर समझ और जागरूकता बढ़ाने के लिए समान अवसर आयोग ("EOC") के साथ RDO के सिद्धांतों पर सेमिनार या वार्ताओं का आयोजन किया जाएगा। EOC के लर्निंग पैकेज को भी प्रकाशित किया जाएगा IPD के समस्त कर्मचारियों को
- IPD नई भर्तियों के लिए RDO पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की व्यवस्था करना जारी रखेगा।

नस्ली समानता को बढ़ावा देने के उपायों सम्बंधी पूछताछ के लिए, कृपया Mr Anakin KWOK, कार्यकारी अधिकारी (सामान्य) से निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से – संपर्क करें

टेलीफोन: : 2961 6899
फैक्स नं. : 2574 9102
ईमेल : enquiry@ipd.gov.hk

डाक पता : 25/F, Wu Chung House, 213 Queen's Road East, Wanchai, Hong Kong

बौद्धिक सम्पदा विभाग

जुलाई 2023